भारत सरकार

विधि और न्याय मंत्रालय

न्याय विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2356

जिसका उत्तर गुरुवार, 12 मार्च, 2026 को दिया जाना है

फास्ट ट्रैक विशेष न्यायालयों के अधीन लंबित मामले

2356 श्री प्रकाश चिक बाराईक :

क्या **विधि और न्याय** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले पांच वर्षों के दौरान फास्ट ट्रैक विशेष न्यायालयों (एफटीएससी) के अधीन लंबित मामलों की वर्ष-वार संख्या क्या है ; और

(ख) इस अवधि के दौरान निपटाए गए मामलों की वर्ष-वार संख्या क्या है ?

उत्तर

विधि और न्याय मंत्रालय में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार);
संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री अर्जुन राम मेघवाल)

(क) और (ख) : उच्च न्यायालयों द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचना के अनुसार, पिछले पांच वर्षों के दौरान त्वरित निपटान विशेष न्यायालयों (एफटीएससी) में निपटाए गए तथा लंबित मामलों की वर्ष-वार संख्या निम्नानुसार है:

कैलेंडर वर्ष	**वर्ष के दौरान निपटाए गए मामले (जनवरी-दिसंबर)**	**वर्ष के अंत पर लंबित मामले**
2021	36,470	1,84,943
2022	64,053	1,98,208
2023	76,349	2,02,175
2024	85,595	2,04,122
2025	66,500	2,45,579

******